>

Title: Regarding need to release the payment due to farmers under National Agriculture Insurance Scheme in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में कृषि फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों का भुगतान गत डेढ़ सालों से नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में हमने जब इसका कारण जानने की कोशिश की थी तो कृषि बीमा कम्पनी ऑफ इंडिया लि0 अहमदाबाद से पता चला कि केन्द्र सरकार ने अपने अंशों का भुगतान अभी तक नहीं किया है जिसके चलते कृषि फसल बीमा योजना के अंतगत किसानों को अभी तक 97 करोड़ 80 लाख के लगभग का खरीफ फुसल 2006 का भुगतान गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में नहीं हो सका है। इस बीमा योजना के अंतर्गत किसानों का भुगतान नहीं होने से किसानों की दशा अत्यंत दयनीय हो गई है क्योंकि वह बैंकों के ऋणों का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। इस संबंध में माननीय सदन को बताना चाहूंगा कि सहकारी बैंकों ने अपना भुगतान कर दिया है, परन्तु सरकारी बैंकों ने इसका भुगतान डेढ़ साल से रोक रखा है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि सरकारी बैंक अपने अंशों का भुगतान तत्काल करे जिसस डेढ़ साल से लम्बित बीमा राशि का भुगतान किसानों को किया जा सके।